

## भ्रष्ट तंत्र पर जिला पंचायत का हंटर

# पंचायतों पर लाखो की रिकवरी, 3 सरपंच 6 साल को अयोग्य घोषित

**नवभारत न्यूज़**

**खण्डवा। जिले के पंधाना जनपद क्षेत्र में भ्रष्टाचार और शासकीय धन की बंदरबांट करने वाले जनप्रतिनिधियों और पंचायत अधिकारियों पर प्रशासन का बड़ा चाबुक चला है। विकास कार्यों के नाम पर लाखों रुपए की हेराफेरी करने और पद का दुरुपयोग करने के मामलों में जिला पंचायत सीईओ एवं विहित प्राधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौडा ने कड़ा रुख अपनाते हुए ऐतिहासिक दंडात्मक आदेश जारी किए हैं। न्यायालय ने जहां दोषी तत्कालीन सरपंचों को आगामी 6 वर्ष के लिए किसी भी पंचायत चुनाव या सदस्यता के लिए अयोग्य घोषित कर दिया है, वहीं गबन की गई राशि की वसूली के लिए 15 दिनों का सख्त अल्टीमेटम दिया है। समय-सीमा में राशि जमा न होने पर दोषियों की संपत्तियां कुर्क कर भू-राजस्व की तरह कड़ाई से वसूली की जाएगी। पहला मामला गुड़ीखेड़ा पंचायत का है जहां श्मशान घाट निर्माण में गबन को लेकर तत्कालीन सरपंच 6 वर्ष के लिए अयोग्य व सचिव पर रिकवरी का गाज गिरी है।**

गुडीखेडा में श्मशान घाट निर्माण कार्य के नाम पर राशि 5,17,000 की वित्तीय अनियमितता पाई गई थी। न्यायालय द्वारा पर्याप्त अवसर और समय दिए जाने के बाद भी तत्कालीन सरपंच व सचिव ने पूरी राशि जमा नहीं कराई।

तत्कालीन सरपंच रक्षाबाई के जिम्मे कुल आरोपित राशि 2,18,500/- थी, जिसमें से उन्होंने केवल 1,58,000/- ही जमा किए। न्यायालय के आदेशों की खुली अवहेलना करने और शेष 60,500/- जमा न करने के कारण उन्हें मध्यप्रदेश पंचायतराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा-92 (5) के अंतर्गत 06 वर्ष की कालावधि के लिए पंचायत सदस्य हेतु अयोग्य घोषित कर दिया गया है। वहीं तत्कालीन सचिव कोमलराम सांगुले ने अपनी कुल आरोपित राशि ड़2,98,500/- में से एक भी रुपया जमा नहीं किया। अब इन दोनों की शेष वसूली राशि (कुल 3,59,000/-) तहसीलदार खण्डवा के माध्यम से भू-राजस्व की भांति कड़ाई से वसूल की जाएगी। इसी तरह नाली व सीसी रोड निर्माण में हेराफेरी पर गोडवाडी सरपंच पर भी वसूली की तलवार लटकी है। ग्राम पंचायत गोडवाडी में सीसी रोड और नाली निर्माण कार्य कराए बिना ही ड़6,03,000/- की राशि का आहरण कर शासकीय धन को ठिकाने लगाने का गंभीर मामला प्रमाणित हुआ था।

इस प्रकरण में तत्कालीन सरपंच श्रीमति संगीताबाई रमेश के ऊपर 5,02,500/- की रिकवरी निकाली गई थी, जिसमें से उन्होंने महज 73,000/- ही जमा किए। शेष ड़4,29,500/- की बड़ी रकम समय-सीमा में जमा न कराने को न्यायालय ने आदेश की अवहेलना माना और उन्हें 06 वर्ष के लिए पंचायत चुनाव लड़ने या सदस्य बनने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया। इसके साथ ही तत्कालीन सचिव कोमलराम सांगुले ने अपनी आरोपित राशि 1,00,500/- में से एक पैसा भी जमा नहीं कराया। तत्कालीन सरपंच और सचिव की इस संयुक्त बकाया राशि (कुल 5,30,000/-) को भी तहसीलदार द्वारा भू-राजस्व की तर्ज पर वसूल किया जाएगा। ग्राम भिखाईखेड़ा में राशि जमा करने के बाद भी तत्कालीन सरपंच निरर्हित, सचिव की रोकी वेतनवृद्धि रोक दी है है। भिलाईखेडा में पंच परमेश्वर योजना के तहत स्वीकृत सीसी रोड निर्माण के लिए ,80,000/- की राशि आहरित कर ली गई थी, लेकिन धरातल पर कोई काम नहीं हुआ था।

मामला दर्ज होने के बाद तत्कालीन सरपंच व सचिव ने 40,000-40,000 की पूरी राशि ग्राम पंचायत के खाते में जमा तो करा दी, जिससे धारा 92 के तहत चल रहा वसूली प्रकरण समाप्त कर दिया गया, लेकिन वे प्रशासनिक दंड से बच नहीं पाए। कर्तव्यों में घोर लापरवाही और वित्तीय अनियमितता बरतने के कारण तत्कालीन सरपंच कमलाबाई को 06 वर्ष की अवधि के लिए पंचायत के किसी भी पद या सदस्यता के लिए अयोग्य कर दिया गया है। इसके साथ ही शासकीय कार्यों में ढिलाई बरतने के चलते तत्कालीन सचिव पीयूष जमरा की एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोक दी गई है।

बलरामपुर में 5.23 लाख की रिकवरी- सचिव व जीआरएस पर दंडात्मक प्रहार -भगवानपुरा में समय पर कार्य पूर्ण करने से बची साख, पर मिला दंड - ग्राम पंचायत भगवानपुरा में सीसी रोड निर्माण के लिए 2,50,000/- आहरित करने के बाद भी कार्य अपूर्ण छोड़ दिया गया था, जिसकी शिकायत सीएम हेल्पलाइन तक पहुँची थी। न्यायालय द्वारा पूर्व में दिए गए निर्देशों के बाद सहायक यंत्री की देखरेख में निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया और कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र जारी कर दिया गया, जिससे वित्तीय वसूली अब निरंक हो गई है।

रिकवरी का यह केस तो समाप्त कर दिया गया है, लेकिन शुरुआत में कार्य में ढिलाई और घोर लापरवाही बरतने के कारण तत्कालीन सचिव रामदास चौहान की एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने का आदेश न्यायालय द्वारा बरकरार रखा गया है।

## ग्राम पंचायत सिलोदा में ग्रामीणों की सजगता से सचिव के भ्रष्टाचार के रोज नए खुलासे

**खंडवा।** जनपद पंचायत के तहत आने वाली ग्राम पंचायत सिलोदा इन दिनों भ्रष्टाचार और प्रशासनिक लूट का सबसे बड़ा केंद्र बन चुकी है। मनरेगा योजना में बंद पड़े प्रोजेक्ट्स को जिंदा कर सरकारी राशि की बंदरबांट का जो खेल पर्दे के पीछे चल रहा था, उसका अब ग्रामीणों की भारी जागरूकता और सक्रियता के कारण रोजाना परत-दर-परत पर्दाफाश हो रहा है। सजग ग्रामीणों ने ठान लिया है कि वे अपनी पंचायत में सरकारी पैसे की डकैती नहीं होने देंगे, जिसके चलते पंचायत सचिव और उनके सिंडिकेट के काले कारनामे अब रोजाना सुबह एक नए खुलासे के साथ जनता के सामने आ रहे हैं। ग्रामीणों ने जब मस्टरोल और भुगतान के आधिकारिक रिकॉर्ड खंगाले, तो वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2024-25 की भारी विसंगतियां सामने आईं। शीतल देवीलाल और भारत मांगीलाल के खेत के पास वर्षों पहले हुए नाला गहरीकरण तथा गांव की विभिन्न गलियों में सीसी रोड-नाली निर्माण के नाम पर सरकारी खजाने से मई 2026 में राशि जारी की गई। खेल यह था कि जितेंद्र, दामिनी और निर्मला जैसे गरीब ग्रामीणों के खातों में गुपचुप तरीके से पैसा डाला गया और फिर सचिव के इशारे पर बिचौलिए डरा-धमकाकर उसे नकद वापस वसूलने लगे। ग्रामीणों की इस पैनी नजर ने पंचायत के इस संगठित सिंडिकेट को चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है। ग्रामीण अब हर एक निर्माण कार्य का भौतिक सत्यापन खुद जमीन पर उतरकर कर रहे हैं, जिससे भ्रष्ट कारिंदों में हड़कंप मच गया है। सिलोदा के आक्रोशित ग्रामीणों ने अब इस घोटाले के पुख्ता दस्तावेजों के साथ जिला प्रशासन और लोकायुक्त का दरवाजा खटखटाने की पूरी तैयारी कर ली है। मांग की जा रही है कि भ्रष्ट पंचायत सचिव को तुरंत निलंबित कर निष्पक्ष जांच की जाए।

## 52 वाहनों पर कार्रवाई, 92 हजार से ज्यादा का जुर्माना



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** यातायात पुलिस और परिवहन विभाग ने रविवार को अभियान चलाकर शहर में यात्री बसों और परिवहन वाहनों की सघन जांच की। सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों और संचालकों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 52 वाहनों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की गई, जिनसे 92 हजार 500 रुपए समन शुल्क वसूला गया। वहीं सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाली 22 बसों पर अलग से कार्रवाई कर 52 हजार 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया।

यह अभियान पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर उप पुलिस अधीक्षक यातायात अनिल कुमार राय, एआरटीओ दीपक मांझी और यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह परिहार के नेतृत्व में चलाया गया। संयुक्त टीम ने बस स्टैंड और प्रमुख मार्गों पर वाहनों की बारीकी से जांच की।चेकिंग के दौरान बसों में अग्निशमन यंत्र, मेडिकल किट, इमरजेंसी विंडो, ओवरलोडिंग, वैध ड्राइविंग लाइसेंस, बीमा दस्तावेज और चालक-परिचालक की स्थिति की जांच की गई।

टीम ने यह भी देखा कि चालक नशे की हालत में वाहन तो नहीं चला रहे और यात्रियों के साथ व्यवहार कैसा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यात्रियों की सुरक्षा से समझौता किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियमों की अनदेखी करने वाले बस संचालकों के खिलाफ आगे भी लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# शहर विकास को लेकर महापौर सजग

## अधिकारियों को दिए समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** नगर निगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में महापौर श्रीमती अमृता अमर यादव ने शहर विकास, अधोसंरचना, जल प्रबंधन और नागरिक सुविधाओं से जुड़े विभिन्न विषयों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में अधूरे विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने, अतिक्रमण नियंत्रण तथा शहर की मूलभूत व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर विशेष जोर दिया गया।बैठक में स्टेडियम क्षेत्र की दुकानों की वर्तमान एवं पुरानी दरों का तुलनात्मक अध्ययन कर लागत और किराया निर्धारण पर पुनर्विचार करने के निर्देश दिए गए। वहीं कृत्रिम कुंडों के निर्माण, गहरीकरण, कंक्रीट बेस एवं दीवार निर्माण कार्य इसी सप्ताह प्रारंभ करने को कहा गया, ताकि वर्षा पूर्व सभी कार्य पूर्ण किए जा सकें। झीलोधन सरोवर में की गई स्टोन पिचिंग को और अधिक मजबूत करने तथा पीछे चौपाटी विकसित करने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए।महापौर ने 16 खोली क्षेत्र के पुनर्विकास को लेकर दुकानदारों को नोटिस जारी करने और नवीन कॉम्प्लेक्स निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों को व्यवस्थित रूप से ट्रांसपोर्ट नगर में विस्थापित करने को लेकर भी चर्चा की गई।कायाकल्प योजना के अंतर्गत अधूरे कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि शासन से स्वीकृत राशि अनुमान से कम मिलने एवं कुछ सड़कों पर अतिरिक्त व्यय होने के कारण कुछ कार्य लंबित रह गए हैं। इस पर महापौर ने शेष कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।गर्मी को देखते हुए शहर के सभी प्याऊओं में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने और नियमित सफाई सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही अत्यधिक जल उपयोग करने वाले व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में वॉटर मीटर लगाकर निगरानी एवं उपयोग के आधार पर जलकर निर्धारित करने के विषय पर भी चर्चा हुई।बैठक में शहर में ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन विकसित करने की कार्ययोजना तैयार करने तथा पंधाना रोड, बुधवार बाजार, इमलीपुरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए विस्तृत योजना बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, एमआईसी सदस्य राजेश यादव, अनिल वर्मा, विक्की भांवरे, दीना पवार, आयुक्त प्रियंका राजावत, उपायुक्त एसआर सितोले सहित नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### चाय की चुस्कियो के साथ मनाया अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस

**खंडवा।** सद्भावना मंच द्वारा अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस पर सदस्यों ने चाय के महत्व पर चर्चा करते हुए बताया कि चाय आपसी संबंधों को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। चाय पर चर्चा करके लोग अपने आपसी मतभेद सुलझा लेते हैं। मंच संस्थापक प्रमुख जैन ने कहा चाय पर चर्चा से राजनीतिक मसले भी हल हो जाते हैं। इतना ही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अंतर्राष्ट्रीय मसले सुलझाने के लिए अक्सर विदेशी राष्ट्राध्यक्षों से चाय पर चर्चा करते रहते हैं। इस इस अवसर संस्थापक प्रमोद जैन, पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, सुरेंद्र गीते देवेंद्र जैन डॉ जगदीश चौरे डॉ एम एम कुरैशी राधेश्याम शाक्य निर्मल मंगवानी कमल नागपाल संतोष सोनी योगेश गुजराती अशोक जैन सुभाष मीणा चर्चा करते हुए चाय की चुस्कियों के साथ मंच सदस्यों ने अंतरराष्ट्रीय चाय दिवस मनाया।

### जिले में 11 हजार बल्क लीटर से ज्यादा शराब नष्ट

**खंडवा।** जिले में पुराने आबकारी मामलों में जब्त शराब के निराकरण को लेकर पुलिस और प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। 1 मई से 23 मई 2026 के बीच चली प्रक्रिया में कुल 11,313.8 बल्क लीटर शराब का निराकरण किया गया। कार्रवाई के दौरान हजारों लीटर अंग्रेजी और कच्ची महुआ शराब नष्ट की गई, जबकि 240 बल्क लीटर शराब न्यायालय में जमा कराई गई। थाना हरसूद के वर्ष 2014 के चर्चित प्रकरण में जब्त 1130 पेटी अंग्रेजी शराब, करीब 11,023.8 बल्क लीटर, जिसकी कीमत लगभग 79 लाख 52 हजार रुपए बताई गई, उसे माननीय सत्र न्यायालय हरसूद के आदेश पर नष्ट किया गया। यह कार्रवाई डिप्टी कलेक्टर दिशा भगोरे, एसडीओपी लोकेन्द्र सिंह ठाकुर, एडीओ अजय पाल, थाना प्रभारी विजय वर्मा, एडीओ मीणा और थाना प्रभारी राजकुमार राठौर की मौजूदगी में थाना हरसूद परिसर के पीछे खुले मैदान में की गई।वहीं थाना पिपलोद के आबकारी एक्ट के मामले में जब्त 60 लीटर कच्ची महुआ शराब भी न्यायालय के आदेश पर नष्ट की गई। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक जिले के विभिन्न थानों में जब्त शराब के निराकरण की कार्रवाई लगातार जारी है, ताकि पुराने मामलों का समय पर निष्पादन हो सके।

### पेट्रोल पंप के पीछे खेत में सज रही थी जुए की महफिल, धनगांव पुलिस ने मारा छापा

**खंडवा।** जिले में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत धनगांव पुलिस ने ग्राम सुलगाव में जुए के अड्डे पर दबिश देकर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से 51 हजार 100 रुपए नगद, ताश की गड्डी, 6 मोबाइल और 6 मोटरसाइकिल जब्त की हैं। वहीं चार आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सनावद-पुनासा रोड स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पीछे खेत में कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना धनगांव पुलिस ने घेराबंदी कर दबिश दी। कार्रवाई में पुलिस ने दशरथ चौहान निवासी बखरगांव, लाला उर्फ लक्ष्मीनारायण लखवारे निवासी पुनासा, रमीज खान और अनवर खान निवासी ढकलगांव जिला खरगोन को मौके से पकड़ा। जबकि नईम खान निवासी सुलगाव, महिपाल सिंह निवासी सगडय़िाव समेत दो अन्य आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी जी.पी. वर्मा सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

## कांग्रेस ने मांधाता में फूंकी चुनावी जान



**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए मांधाता विधानसभा क्षेत्र के मुंदी और पुनासा ब्लॉक में संगठनात्मक बैठकों का आयोजन किया गया। बैठकों में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह और विधानसभा प्रभारी सुहागमल विश्नोई ने कार्यकर्ताओं को सक्रिय होकर बूथ स्तर तक संगठन विस्तार का संदेश दिया।जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि बैठक में संगठन विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रणनीति, जनसंपर्क अभियान और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। विधानसभा प्रभारी सुहागमल विश्नोई ने कार्यकर्ताओं से गांव-गांव पहुंचकर कांग्रेस की नीतियों और जनहितकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारियों का बेहतर निर्वहन करने के निर्देश भी दिए गए। वहीं जिला कांग्रेस अध्यक्ष उत्तमपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूती के लिए पूरी सक्रियता से काम करने का संकल्प दिलाया। इस दौरान पूर्व विधायक ठाकुर राजनारायण सिंह पुरनी, ब्लॉक अध्यक्ष शैतान सिंह चौहान, नगर अध्यक्ष अनिल राठौर, कट्टू सेठ, नगर कांग्रेस प्रभारी जगपाल पटेल, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश पवार, नगर कांग्रेस अध्यक्ष महेश मालाकार, पप्पू नायक, मनोज खर्जे, महेश सावनेर, संतोष झामरे और महिला कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सीमा मस्तकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, पार्षद और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रीवा घटना के विरोध में निकलेगी मौन रैली आज

**खंडवा।** रीवा में जैन साध्वी आर्यिकाओं के साथ हुई दुखद घटना के विरोध और साधु-संतों की सुरक्षा की मांग को लेकर सकल जैन समाज सोमवार 25 मई को खंडवा में शांतिपूर्ण मौन रैली निकालेगा। रैली के माध्यम से जिला प्रशासन के जरिए मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि यह केवल एक सामान्य घटना नहीं, बल्कि समाज को झकझोर देने वाली गंभीर घटना है। पैदल विहार करने वाले साधु-संतों की राष्ट्रीय स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग को लेकर देशभर में जैन समाज आंदोलन कर रहा है। इसी क्रम में खंडवा में भी मौन रैली आयोजित की जा रही है।रैली सोमवार सुबह 8 बजे महावीर उद्यान स्थित कीर्ति स्तंभ घंटाघर से प्रारंभ होगी। यह घंटाघर, मुंबई बाजार और फूल गली मार्ग से होते हुए पुलिस कंट्रोल रूम पहुंचेगी, जहां प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा।समाज के अध्यक्ष वीरेंद्र जैन सहित दिलीप पहाड़िया, संजय जैन, विकास बोथरा, नवनीत जैन, पंकज छाबड़ा, विजय सेठी और अभय जैन ने समाजजनों, मातृशक्ति और युवाओं से बड़ी संख्या में शामिल

### परिजन नहीं मिले तो समाजसेवियों ने निभाया फर्ज, अज्ञात युवक का कराया अंतिम संस्कार


**खंडवा।** शहर में मानवता और सामाजिक सेवा की मिसाल पेश करते हुए पूर्व निमाड़ सामाजिक सांस्कृतिक सेवा समिति ने एक अज्ञात युवक का सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया। युवक की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी और कई दिनों तक परिजनों की तलाश के बावजूद कोई सामने नहीं आया।समिति सदस्य सुनील जैन ने बताया कि 17 मई 2026 को डायल-112 टीम को महादेवी नगर क्षेत्र में एक युवक बेहोशी की हालत में मिला था। पुलिस ने तत्काल उसे श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष बताई गई है।सिटी कोतवाली पुलिस ने मर्ग कायम कर युवक की पहचान और परिजनों की तलाश शुरू की, लेकिन करीब एक सप्ताह तक कोई जानकारी नहीं मिल सकी। इसके बाद पूर्व निमाड़ सामाजिक सांस्कृतिक सेवा समिति ने मानवीय पहल करते हुए अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी संभाली।23 मई को राजा हरिश्चंद्र मुक्तिधाम में युवक का पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान समिति के भूपेंद्र सिंह चौहान, मुबारक पटेल, रियासत अली, जुबेर पटेल, यशवंत केदार एवं आरक्षक अनुराग कुशवाह मौजूद रहे।

## एक नजर — अनोखा और चौंकाने वाला मामला सामने आया

# लग्जरी कार से आए बदमाश, दाना डालकर चुरा ले गए 10 बकरियां

**नवभारत न्यूज़**

**खंडवा।** शहर में पशु चोरी का एक अनोखा और चौंकाने वाला मामला सामने आया है। पंधाना रोड स्थित सब्जी मंडी क्षेत्र में शनिवार दोपहर लग्जरी कार से आए बदमाश बेहद शातिर तरीके से 8 से 10 बकरियां चोरी कर फरार हो गए। पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।जानकारी के मुताबिक शनिवार दोपहर करीब 12 से 12:30 बजे के बीच नीले रंग की टाटा अल्ट्रोज कार में सवार कुछ युवक मंडी क्षेत्र



पहुंचे। बदमाशों ने पहले ट्रकों और अन्य वाहनों की आड़ लेकर इलाके की गतिविधियां देखीं, ताकि किसी को शक न हो। इसके बाद उन्होंने बकरियों को दाना डालना शुरू किया।
सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि जैसे ही बकरियां दाना खाने के लिए कार के पास पहुंचीं, आरोपियों ने उन्हें उठाकर कार की बीच वाली सीट में डालना शुरू कर दिया। कुछ ही मिनटों में बदमाश 8 से 10 बकरियां लेकर मौके से फरार हो गए।बुरहानपुर नाका निवासी पशुपालक शुभम यादव ने बताया कि वे रोजाना बकरियों को खुले में चरने छोड़ते थे और शाम तक सभी बकरियां खुद घर लौट आती थीं। शनिवार शाम तक बकरियां नहीं पहुंचीं तो उन्होंने तलाश शुरू की। आसपास खोजबीन और दुकानों के सीसीटीवी फुटेज देखने पर चोरी की यह पूरी वारदात सामने आई।कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टीआई प्रवीण आर्य के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार और आरोपियों की पहचान की जा रही है तथा जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।